NT>

Title: Need to provide adequate compensation to the farmers whose land have been acquired for construction of a bypass in Phulpur Parliamentary constituency, Uttar Pradesh.

श्री धर्म राज सिंह पटेल (फूलपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, राट्रीय राजमार्ग संख्या दो, जो वाराणसी से कानपुर वाया फूलपुर इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र से होकर गुजरती है। मेरे फुलपूर संसदीय क्षेत्र में हंडिया से लेकर कौडिहार तक बाईपास बनाया जा रहा है। इस बाईपास से मेरे संसदीय क्षेत्र के हजारों किसानों के खेत सड़कों में चले जा रहे हैं। इसी सड़क में गोपीगंज. हंडिया आदि बाजार भी पड़ते हैं जिसमें बहुत बड़ी संख्या में सड़कों के दोनों तरफ मकान बने हुए हैं। मुझे ज्ञात हुआ है कि राट्रीय राजमार्ग का प्राधिकरण बाजारों में मकानों को गिराने के लिए योजना बनाई जा रही है।

मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि प्रभावित किसानों को अधिक मुआवजा दिया जाये जिससे किसान अन्यत्र जमीन खरीद सकें। आस-पास की जमीनों में मार्केट बनवा कर किसानों को उपलब्ध कराया जाये। बाजारों में सड़कों की चौड़ाई कम रखी जाए। गिराए गए मकानों को पुनः बनाने के लिए मुआवजा उपलब्ध कराया जाये।